# शासकीय. डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## दुर्ग (छ.ग.)

ACCREDITED WITH GRADE B++ NAAC

# विवरणिका






https://govtgirlspgcollegedurg.ac.in/index.aspx

# महाविद्यालयीन गतिविधियाँ



देसी डे



गेड़ी स्पर्धा




त्रिवेणी

# शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

# विवरणिका

## प्रथम खण्ड

महाविद्यालय का परिचायत्मक वृत्त–

छत्तीसगढ़ अंचल में स्थिति शासकीय कन्या महाविद्यालय की स्थापना शैक्षणिक जगत की एक दीर्घकालीन मांग के तहत 14/09/1982 ई. मात्र पांच छात्राओं से कला संकाय से शुभारंभ हुई और विकास शीघ्रगामी पदचाप करते हुए शासकीय कन्या महाविद्यालय, दुर्ग स्नातक स्तर पर कला, विज्ञान, गृहविज्ञान एवं वाणिज्य संकायों की शिक्षा प्रदान करने लगा इतना ही नहीं, लगभग 3500 छात्राओं को शिक्षा सुविधा प्रदान करने वाला एकमात्र शासकीय कन्या महाविद्यालय, संबंधित विषयों में पी–एच.डी. की उपाधि हेतु शोध कार्य की सुविधा भी दे रहा है। इस महाविद्यालय में प्रदर्शनात्मक कलाओं के अंतर्गत संगीत (शास्त्रीय गायन), नृत्य (शास्त्रीय नृत्य–भरतनाट्यम), चित्रकला विषयों का अध्यापन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। इस महाविद्यालय के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि प्रदेश का यह एकमात्र ऐसा कन्या महाविद्यालय है जहाँ संगीत, नृत्य, चित्रकला एवं मूर्तिकला तथा डिप्लोमा इन योगा एवं दर्शनशास्त्र, विषयों का एक साथ अध्यापन किया जा रहा है। साथ ही विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली (नैक टीम) द्वारा निरीक्षण उपरान्त हमारे महाविद्यालय को $B^{++}$ श्रेणी का दर्जा प्राप्त हुआ है। नई शिक्षा नीति सत्र 2024–25 से लागू की जा रही है।

महाविद्यालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की 2F और 12B योजना के अंतर्गत 1986 से पंजीकृत हुआ एवं 01 जुलाई 2008 में शासन के द्वारा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की मान्यता प्राप्त हुई। BBA एक मात्र शासकीय महाविद्यालय है, जिसे AICTE से मान्यता प्राप्त हो चुकी है।

उपलब्ध शैक्षणिक सुविधायें :–

(1) अध्यापन :–

महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कला, विज्ञान, गृहविज्ञान एवं वाणिज्य चार संकायों में शिक्षण सुविधा है। स्नातकोत्तर स्तर पर, कला संकाय में हिन्दी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, भूगोल, राजनीति विज्ञान संकाय में रसायनशास्त्र, भौतिकशास्त्र, गणित, प्राणिशास्त्र तथा गृहविज्ञान संकाय में आहार एवं पोषण, वाणिज्य में अध्यापन व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त गृहविज्ञान, हिन्दी एवं वाणिज्य संकाय में शोध केन्द्र संचालित है।

विभिन्न संकायों में उपलब्ध स्थान :–

(1) कला संकाय :– उपलब्ध छात्रा संख्या

| | | |
|---|---|---|
| बी.ए. भाग एक | – | 350 |
| स्नातकोत्तर हिन्दी | – | 30 |
| अर्थशास्त्र | – | 30 |
| समाजशास्त्र | – | 30 |
| भूगोल | – | 15 |
| राजनीतिकशास्त्र | – | 30 |
| अंग्रेजी साहित्य | – | 30 |
| गृहविज्ञान | – | 20 |

(2) विज्ञान संकाय :– उपलब्ध छात्रा संख्या

बी.एस–सी भाग एक (बायो) – 150 बी.एस–सी भाग एक (माईक्रोबायोलॉजी) – 30

बी.एस–सी भाग एक (गणित) – 100 बी.एस–सी भाग एक (कम्प्यूटर साईंस) – 40

बी.एस–सी भाग एक (Biotech) – 40

| | | |
|---|---|---|
| एम.एस.–सी (प्राणीशास्त्र) | – | सीट संख्या 20 छात्रायें |
| एम.एस.–सी (गणित) | – | सीट संख्या 20 छात्रायें |
| एम.एस.–सी (रसायन) | – | सीट संख्या 10 छात्रायें |
| एम.एस.–सी (भौतिकशास्त्र) | – | सीट संख्या 20 छात्रायें |
| एम.एस.–सी (वनस्पतिशास्त्र) | – | सीट संख्या 20 छात्रायें |
| एम.एस.–सी (कम्प्यूटर साईंस) | – | सीट संख्या 20 छात्रायें |

(3) गृह–विज्ञान संकाय :–

1. बी.एस–सी गृहविज्ञान (प्रथम) – एक सेक्शन 64

   बी.एस–सी गृहविज्ञान व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रथम फूड साईंस एवं क्वालिटी कंट्रोल – एक सेक्शन 30

2. एम.एस.सी. गष्हविज्ञान आहार एवं पोषण प्रथम सेमेस्टर – एक सेक्शन 20

(4) वाणिज्य संकाय :– उपलब्ध सीट संख्या

| | | |
|---|---|---|
| बी.कॉम. भाग एक | – | 400 |
| बी.कॉम. कम्प्यूटर एप्लीकेशन | – | 40 |
| एम.कॉम. (प्रथम सेमेस्टर) | – | 100 |

(5) **पी.जी.डिप्लोमा :–** **उपलब्ध सीट संख्या**

| | | |
|---|---|---|
| पीजीडीसीए | – | 50 |
| पीजी डिप्लोमा इन योगा एवं दर्शनशास्त्र | – | 60 |

(6) **प्रबंधन :–** **उपलब्ध सीट संख्या**

| | | |
|---|---|---|
| बी.बी.ए. | – | 60 |

**नई शिक्षा नीति के अनुसार 2024–25 सत्र से आरंभ स्नातक स्तर पर सेमेस्टर प्रणाली लागू होगी तद्नुसार उपलब्ध विषय –**

**(अ) कला संकाय :–**

स्नातक स्तर बी.ए.भाग एक (क) अनिवार्य विषय – आधार पाठ्यक्रम (हिन्दी भाषा, अंग्रेजी भाषा) एवं पर्यावरण विज्ञान

**(क) ऐच्छिक विषय :–**

निम्नलिखित पांच विषय समूहों में से और उपलब्ध रिक्त स्थानों पर ही प्रवेश दिया जावेगा, कोई तीन समूहों से एक–एक विषय का चयन करें।

**समूह** :–1. समाजशास्त्र
2. राजनीतिकशास्त्र / गृहविज्ञान / चित्रकला / मूर्तिकला
3. अर्थशास्त्र / संगीत / नृत्य
4. भूगोल / मनोविज्ञान
5. इतिहास / अंग्रेजी साहित्य
6. हिन्दी साहित्य

**(ख)** बी.ए. भाग दो एव ंबी.ए. भाग तीन कक्षाओं के लिए वही विषय मान्य होगें जो बी.ए. प्रथम वर्ष के लिए गये है। विषय परिवर्तन विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी स्थिति में मान्य नहीं होगा।

**(ब) विज्ञान संकाय के विषय :–**

बी.एस.सी भाग–एक, दो एवं तीन की छात्राओं हेतु

**(क)** अनिवार्य विषय – आधार पाठ्यक्रम (हिन्दी भाषा, अंग्रेजी भाषा)
पर्यावरण विज्ञान

**(ख)** ऐच्छिक विषय समूह –
1. भौतिकशास्त्र / गणित / रसायनशास्त्र
2. रसायनशास्त्र / वनस्पति विज्ञान / प्राणीशास्त्र
3. रसायनशास्त्र / वनस्पतिशास्त्र / माइक्रोबायोलॉजी
4. रसायनशास्त्र / प्राणीशास्त्र / बायोटेक्नोलॉजी

स्नातकोत्तर स्तर :– 1. प्राणीशास्त्र 2. भौतिकशास्त्र 3. गणित
4. रसायनशास्त्र 5. वनस्पतिशास्त्र 6. कम्प्यूटर साईंस

**(स) गृहविज्ञान संकाय के विषय –:**

**(क) बी.एस.सी. (गृहविज्ञान) भाग एक**

1. फंडामेंटल ऑफ फूड एंड न्यूट्रिशन एंड फूड केमेस्ट्री
2. इंट्रोडक्शन टू रिसोर्स मैनेजमेंट, इकोलॉजी एंड एनवायरमेंट।
3. इंट्रोडक्शन टू हयुमन डेव्हलपमेंट एवं फेमिली डायनेमिक्स।
4. इंट्रोडक्शन टू टेक्सटाइल एंड क्लोथिंग।
5. कम्यूनिटी डेव्हलपमेंट पर्सपेक्टिव्ह एवंड एप्रोचेस, सोशियो इकानॉमिक एनालिसिस ऑफ कम्यूनिटी।
6. पर्सनल एम्पावरमेंट एवं कम्प्यूटर बेसिक/फूड माइक्रोबायोलॉजी सेनिटेशन एवं हाइजिन
7. आधार पाठ्यक्रम।
8. पर्यावरण।

**(ख) बी.एस.सी. (गृहविज्ञान) भाग दो**

1. न्यूट्रीशनल मैनेजमेंट इन हेल्थ एंड डिसीजेस।
2. टेक्सटाइल एंड लाउंड्री साइंस।
3. कम्यूनिटी न्यूट्रिशन एंड एप्लाइड लाइफ साइंसेस/फूड प्रिजर्वेशन सेसरी इव्हेलूएशन एंड फूड पैकेजिंग।
4. कम्यूनिकेशन प्रोसेस/पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी एंड एनालिटिकल इंस्ट्रूमेंटेशन।
5. लाइफ स्पान डेव्हलपमेंट।
6. कन्ज्यूमर इकानॉमिक्स।
7. आधार पाठ्यक्रम।

**(ग) बी.एस.सी. (गृहविज्ञान) भाग तीन**

1. न्यूट्रिशनल बायोकेमिस्ट्री।
2. फूड प्रिजर्वेशन/फूड एनालिसिस एंड फूड टॉक्सीकोलाज।
3. अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन।
4. एक्सटेंशन एजुकेशन/फूड मैनुफैक्चरिंग एडल्ट्रेशन एंड टेस्टिंग।
5. फाउन्डेशन ऑफ आर्ट एंड डिजाइन।
6. एपरल मेकिंग।
7. आधार पाठ्यक्रम।

(द) वाणिज्य संकाय के विषय :–

1. बी.कॉम. भाग एक एवं दो कक्षाओं के लिए
   विश्वविद्यालयीन पाठ्यक्रम अध्यापन होगा।

2. **बी.कॉम. भाग तीन**

   1. आधार पाठ्यक्रम 2. अप्रत्यक्षकर 3. आयकर 4. प्रबंधकीय लेखांकन
   5. अंकेक्षण 6. वैकल्पिक समुह (अ) मुद्रा तथा बैंकिंग व्यवहार (ब) बीमा के तत्व
   अतिरिक्त विषय कम्प्यूटर एप्लीकेशन

3. **प्रबंधन** :– बी.बी.ए. (AICTE से मान्यता प्राप्त)

4. **पुस्तकालय** :–

महाविद्यालय के पुस्तकालय में लगभग 35,000 (पैंतीस हजार) पुस्तकें एवं जर्नल्स उपलब्ध है। महाविद्यालय में अध्ययनरत–अनु.जाति/अनु.जन.जाति वर्ग तथा बी.पी.एल.वर्ग की छात्राओं को बुक बैंक योजना के तहत परीक्षा समाप्ति तक पुस्तकें निर्गत की जाती है। पुस्तकालय में वाचानालय व्यवस्था के अन्तर्गत 20 (बीस) पत्रिकायें, 06 (छः) समाचार पत्रों के साथ ई–जनरल एवं ऑनलाईन पुस्तकों की भी व्यवस्था छात्राओं के लिए की गई है। स्नातकोत्तर स्तर की छात्राओं के लिए विभागीय पुस्तकालय की व्यवस्था है।

5. **राष्ट्रीय सेवा योजना** :–

छात्राओं में कर्म एवं समाज के प्रति निष्ठा, सेवा भावना एवं चरित्र की भावना प्रोन्नत करने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाई महाविद्यालय में संचालित है।

6. **महाविद्यालय में एन.सी.सी. शाखा 2024–25 से प्रारंभ हो रही है।**

7. **खेलकूद सुविधाएं** :–

महाविद्यालय में खेलकूद की दृष्टि से पर्याप्त सुविधाएं है। महाविद्यालय में टेबल टेनिस, बेडमिन्टन, हेण्डबॉल, बालबेडमिन्टन, कबड्डी, खो–खो, क्रिकेट, जूडो, एथलेटिक्स, व्हालीबाल, सॉफ्टबॉल, शतरंज व अन्य खेलों में भाग की सुविधा उपलब्ध है। महाविद्यालय जनभागीदारी द्वारा राष्ट्रीय हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) शालेय स्पर्धा आदि खेलों में भाग छात्राओं को जनभागीदारी शुल्क भी माफ किया जाता है। इसके अतिरिक्त हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) टीम में चयनित छात्राओं को ट्रेकसूट, किट, लगातार दो साल चयनित छात्राओं को ब्लेजर प्रदान किया जाता है।

8. अन्य गतिविधियां :–

- डिपार्टमेंट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, स्टार कॉलेज स्कीम प्रोजेक्ट में चयनित।
- अनिवार्य एवं ऐच्छिक विषयों के साथ–साथ एक्वा क्लब, ईको क्लब, रेड क्रॉस, ग्रीन आर्मी आदि गतिविधयाँ छात्राओं के पर्यावरण संवर्धन में सहायक।

**9. छात्र संघ :–**

शासन एवं विश्वविद्यालय के निर्देशन एवं नियमानुसार छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए छात्र संघ का गठन किया जाता है। यह संघ पूर्णतया प्राचार्य के मार्गदर्शन में कार्य करता है।

**10. परिचय पत्र :–**

महाविद्यालय में अध्ययनरत प्रत्येक छात्रा को परिचय पत्र अनिवार्यतः रखना होगा, जिसका उपयोग पुस्तकालय की सुविधा पाने तथा विशिष्ट कार्यक्रमों में सम्मिलित होने या ऐसे अवसरों पर इसका उपयोग कर सकेंगी। परिचय पत्र पर पासपोर्ट साइज फोटो लगाना अनिवार्य होगा।

**11. छात्रवृत्ति :–**

आदिमजाति कल्याण विभाग से प्राप्त शिष्यवृत्तियाँ

अ. अनुसूचित जाति।

ब. अनुसूचित जनजाति।

स. पिछड़ा वर्ग।

द. अल्पसंख्यक।

**12. राज्यशासन/केन्द्र शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्तियाँ :–**

अ. बी.पी.एल. छात्रवृत्ति।

ब. मेघावी छात्रवृत्ति/अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट/मोरनोनी/व्यक्तिगत माध्यम से जरुरतमंद छात्राओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

**13. Remedial Classes & Placement सुविधा :–**

महाविद्यालय में महिला उत्पीड़न, Remedial Classes & Placement सुविधा एवं कैरियर गाइडेंस प्रकोष्ठ है, जहां छात्रायें अपनी समस्याओं का समाधान कर सकती है।

**14. शिकायत पेटी :–**

छात्रायें महाविद्यालय से संबंधित किसी भी असुविधा की शिकायत, शिकायत पेटी में डाल सकती हैं। जिसका त्वरित निराकरण किया जाता है।

**15. महाविद्यालय की कैम्पस न्यूज :–**

महाविद्यालय द्वारा विभिन्न गतिविधियों (अकादमिक, क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं अन्य) का प्रकाशन कैम्पस न्यूज में कराया जाता है।

**16. ऑनेस्ट्री कॉर्नर :–**

महाविद्यालय परिसर में छात्राओं के लिए ऑनेस्ट्री कॉर्नर में स्टेशनरी सामग्री की खरीद कर सकती है। छात्रायें स्वयं सामग्री चुनकर ईमानदारी से उसका मूल्य निर्धारित बॉक्स में डाल सकती है।

**17. निःशुल्क कोचिंग :–**

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की जाती है साथ ही नेट–सेट के लिए मॉडल परीक्षा भी आयोजित की जाती है।

**18. कैंटीन सुविधा :–** महाविद्यालय परिसर में कैंटीन की सुविधा उपलब्ध है।

**19. जनभागीदारी समिति का गठन :–**

महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति का गठन किया गया है। इस मद से लिया जाने वाला शुल्क छात्राओं को बेहतर महाविद्यालयीन वातावरण देने में व्यय किया जाता है।

**स्टाफ संख्या :–** शैक्षणिक – 54, गैर शैक्षणिक – 34

क्रीड़ाधिकारी – 01, ग्रंथपाल – 01

**प्रवेश के समय आवश्यक दस्तावेज –**

- स्थानांतरण प्रमाण पत्र एवं चरित्र प्रमाण पत्र
- छत्तीसगढ निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति
- हायर सेकेंडरी परीक्षा की अंकसूची एवं हाई स्कूल की अंकसूची की छायाप्रति
- आधार कार्ड की छायाप्रति
- बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति
- माईग्रेशन प्रमाण पत्र
- पात्रता प्रमाण पत्र (आवश्यक होने पर)

**प्रवेशित छात्रायें प्रवेश शुल्क के भुगतान हेतु महाविद्यालय में उपलब्ध डिजिटल सुविधा का ही उपयोग करें ।**

## एंटी रैगिंग एवं अनुशासन समिति

**महाविद्यालय में एंटी रैगिंग एवं अनुशासन समिति एवं उड़नदस्ता का भी गठन किया गया है। छात्राएँ आवश्यकता पड़ने पर समिति के सदस्यों से रैगिंग एवं अनुशासन संबंधी शिकायतें कर सकती है।**

| क्र. | सदस्यों के नाम | पद | सम्पर्क नम्बर |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. अनिल जैन | संयोजक | 9300556456 |
| 2. | डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल | सदस्य | 9425556971 |
| 3. | डॉ. यशेश्वरी ध्रुव | सदस्य | 9171039884 |
| 4. | डॉ. सुषमा यादव | सदस्य | 9893415886 |
| 5. | डॉ. लता मेश्राम | सदस्य | 9993530700 |
| 6. | डॉ. मोहम्मद शोयेब | सदस्य | 7354662446 |

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020
## (आवश्यक निर्देश)

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 स्नातक प्रथम सेमेस्टर (2024–2025 बैच) से आरंभ की जा रही है, जिसके अंतर्गत निम्नानुसार पाठ्यक्रम संचालित किया जाना है।

(1) विशेष चयनित – Discipline Specific Course **(DSC)**
(2) विशिष्ट ऐच्छिक – Discipline Specific Elective **(DSE)**
(3) क्षमता संवर्धन – Ability Enhancement Course **(AEC)**
(4) कौशल संवर्धन – Skill Enhancement Course **(SEC)**
(5) मूल्य संवर्धन – Value Addition Course **(VAC)**
(6) सामान्य वैकल्पिक – Generic Elective **(GE)**

**क्षमता संवर्धन – Ability Enhancement Course (AEC)**

| पाठ्यक्रम | प्रथम सेमेस्टर | द्वितीय सेमेस्टर | तृतीय सेमेस्टर |
|---|---|---|---|
| बी.कॉम. एवं बी.बी.ए. | (AEC-1)<br>पर्यावरण अध्ययन | (AEC-2)<br>अंग्रेजी भाषा | (AEC-3)<br>हिन्दी भाषा |
| बी.एससी. | (AEC-1)<br>अंग्रेजी भाषा | (AEC-2)<br>हिन्दी भाषा | (AEC-3)<br>पर्यावरण अध्ययन |
| बी.ए. एवं<br>बी.एससी (गृह.विज्ञान) | (AEC-1)<br>हिन्दी भाषा | (AEC-2)<br>पर्यावरण अध्ययन | (AEC-3)<br>अंग्रेजी भाषा |

**विशेष चयनित – Discipline Specific Course (DSC)**

इसके अंतर्गत छात्रा किन्हीं तीन विषयों को चयनित कर सकती है, जो सभी सेमेस्टर में पढ़ाये पायेंगे–

कला संकाय – (1) राजनीति शास्त्र / गृह विज्ञान / चित्रकला / मूर्तिकला
(2) अर्थशास्त्र / संगीत / नृत्य (3) भूगोल / मनोविज्ञान
(4) इतिहास / अंग्रेजी साहित्य (5) समाजशास्त्र
(6) हिन्दी साहित्य

विज्ञान संकाय – (1) रसायनशास्त्र / वनस्पति शास्त्र / प्राणीशास्त्र
(2) गणित / भौतिकशास्त्र / रसायनशास्त्र
(3) रसायनशास्त्र / वनस्पतिशास्त्र / माइक्रोबॉयलाजी
(4) गणित / भौतिकशास्त्र / कम्प्यूटर साईंस

बी.कॉम. – सभी अनिवार्य विषय
बी.एससी. (गृहविज्ञान) – सभी अनिवार्य विषय
बी.बी.ए. – सभी अनिवार्य विषय

**विशिष्ट ऐच्छिक – Discipline Specific Elective (DSE)**

मल्टी डिसिप्लनरी प्रारूप के अंतर्गत (विज्ञान/कला/वाणिज्य/गृहविज्ञान) के चयनित तीनों डिसिप्लीन में से किसी एक विषय को विद्यार्थी द्वारा चयन किया जा सकता है जिसमें 3,4,5,6 सेमेस्टर में से एक–एक तथा 7 एवं 8 सेमेस्टर में अधिकतम तीन–तीन या चार–चार का चयन किया जा सकेगा। (कोर्स चार क्रेडिट का होगा)

**कौशल संवर्धन – Skill Enhancement (SEC)**

प्रवेशित छात्रा – 2/4/5 एवं 6 सेमेस्टर में महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कौशल आधारित कोर्स का चयन कर सकती है। (प्रत्येक कोर्स दो क्रेडिट अंक का होगा)

**मूल्य संवर्धन – Value Addition (VAC)**

प्रवेशित छात्रा– द्वितीय/तृतीय एवं पाँचवे सेमेस्टर में महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध मूल्य संवर्धन कोर्स का चयन कर सकती है। जो सैद्धांतिक आधार पर होगा (प्रत्येक कोर्स दो क्रेडिट अंक का होगा)

**सामान्य वैकल्पिक – Generic Elective (GE)**

स्नातक पाठ्यक्रम के लिये प्रवेशित छात्रा अपने संकाय के अतिरिक्त किसी अन्य संकाय किसी एक विशेष चयनित (DSC) का चयन इसमें कर सकती है जो प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर में लागू होगा। यदि छात्रा इसे आगे भी जारी रखने की इच्छुक होगी तो वह DSE के स्थान पर इसका अध्ययन कर सकती है।

## सेमेस्टर अनुसार स्नातक पाठ्यक्रम

| प्रथम वर्ष | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Sem. | DSC (4C) | DSE | G E (4C) | AEC (2C) | VAC/SEC (2C) | Credits |
| I | DSC P1 (4C) | XX | GE-01 (4C) From the Pool | AEC-01 (2C) | VAC-01 (2C) From the Pool | 20 Credits |
| | DSC P1 (4C) | | | | | |
| | DSC P1 (4C) | | | | | |
| II | DSC P2 (4C) | XX | GE-02 (4C) From the Pool | AEC-02 (2C) | VAC-01 (2C) From the Pool | 20 Credits |
| | DSC P2 (4C) | | | | | |
| | DSC P2 (4C) | | | | | |
| Students can exit – awarded undergraduate certificate securing requisite 14 credits | | | | | | 40 Credits |

| द्वितीय वर्ष | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Sem. | DSC (4C) | DSE / GE (4C) | AEC (2C) | VAC/SEC 2C) | Credits |
| III | DSC P3 (4C)<br>DSC P3 (4C)<br>DSC P3 (4C) | DSE-01 of (4C) Or GE-03 (4C) From the Pool | AEC-03 (2C) | VAC-01 (2C) From the Pool | 20 Credits |
| IV | DSC P4 (4C)<br>DSC P4 (4C)<br>DSC P4 (4C) | DSE-02 of (4C) Or GE-04 (4C) From the Pool | AEC-02 (2C) Communicative Language English | VAC-02 (2C) From the Pool | 20 Credits |
| Students can exit – awarded undergraduate Diploma securing requisite 84 credits | | | | | 80 Credits |

| तृतीय वर्ष | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Sem. | DSC (4C) | DSE / GE (4C) | SEC (2C) | VAC/SEC (2C) | Credits |
| V | DSC P5 (4C)<br>DSC P5 (4C)<br>DSC P5 (4C) | DSE-03 of (4C) Or GE-05 (4C) | SEC-03 (2C) From the Pool | VAC-03 (2C) From the Pool | 20 Credits |
| VI | DSC P6 (4C)<br>DSC P6 (4C)<br>DSC P6 (4C) | DSE-04 of (4C) Or GE-06 (4C) | SEC-04 (2C) From the Pool | Internship (2C) | 20 Credits |
| Students can exit – awarded undergraduate Diploma securing requisite 84 credits | | | | | 120 Credits |

| चतुर्थ वर्ष | | | | |
|---|---|---|---|---|
| VII | DSC P7-(4C) | Four DSE – 05 to 08 (4x4C) courses = 16C | | 20 Credits |
| VIII | DSC P8-(4C) | Four DSE – 09 to 12 (4x4C) courses = 16C | | 20 Credits |
| **For Award of Bachelor Degree with Honours & Research** (Students Securing 7.5 CGPA) | | | | 160 Credits |
| VII | DSC P7-(4C) | Three DSE-05 to 07 (3x4C) = 12C | DS Research Methodology (4C) | 20 Credits |
| VIII | DSC P8-(4C) | Three DSE-08 to 10 (3x4C) = 12C | Research Work Dissertation (4+4C) | 24 Credits |
| Students can exit – awarded Bachelor Degree | | | | 164 |

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

**GOVT. DR. WAMAN WASUDEV PATANKAR GIRLS' P.G. COLLEGE, DURG (C.G.)**

## Application Form

**(Academic Session : 20 -20 )**

**Personal Details**

Admission No. ......................

Receipt No. : ......................

................. Date ......................

PASSPORT SIZE PHOTO

Course Applied/कक्षा : ____________________

Applicant's Name/नाम : ____________________

Father's Name/पिता का नाम : ____________________

Mother's Name/माता का नाम : ____________________

Mobile No.(Self)/मोबाईल नं. (स्वयं) : ____________________

Email ID (Compulsory)/ई-मेल : ____________________

Date of Birth/जन्म तिथि : ____________________

University Enroll No. : ____________________

Gender/लिंग : **Female** Blood Group : ______ Marital Status : Married/Unmarried

Nationality/राष्ट्रीयता : ____________________ Religion/धर्म ____________________

Category/वर्ग : UR/ST/SC/OBC/MINORITY (Muslim/Jain/Sikh/Boudh/Parsi/Christian)

Aadhar Card No./आधार कार्ड : ____________________ दिव्यांग : YES / NO __________

Bank Account No./बैंक खाता नं. : ____________________ IFSC Code ______________

Bank Name & Branch : ____________________

Postal Address : ____________________

(with District & Pincode) : ____________________

**Selected Subjects / चयनित विषय**

| No. | Subject Name | No. | Subject Name |
|---|---|---|---|
| 1 | | 5 | |
| 2 | | 6 | |
| 3 | | 7 | |
| 4 | | 8 | |

**Education Details / शैक्षणिक योग्यता**

| Examination | Board/Council/University | Subjects | Year | Marks in % |
|---|---|---|---|---|
| $10^{th}$ | | | | |
| $12^{th}$ | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

Date :

Signature ................................................

Name ....................................................

**संलग्न - 1**

## छात्र/छात्रा का शपथ पत्र

मैं कु. ------------------------------- का प्रवेश कक्षा ----------- संस्था का नाम ------------------- ----- में हो गया है। मैंने उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग के अपराध को समाप्त करने के लिए यू.जी.सी. नियमावली 2009 प्राप्त की, उसको सावधानी पूर्वक पढ़ा और पूर्णतः समझा। मैंने विशेषतः नियमों की कंडिका-3 का अध्ययन किया और रैगिंग किस प्रकार की होती है के प्रति सजग हुआ/हुई।

मैंने कंडिका 7 और 9.1 के नियमों का भी विशेष अध्ययन किया और मैं प्रशासकीय कार्यवाही से अवगत हूं जिसके अंतर्गत यदि मैं रैगिंग को बढ़ावा देता हूं /देती हूं अथवा प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करता/करती हूं या षडयंत्र करता/करती हूं तो मेरे विरूद्ध कार्यवाही हो सकती है। मैं सत्य निष्ठा से संकल्प लेता/लेती हूं कि .

अ) मैं ऐसा कोई भी कार्य नही करूंगा/करूंगी जोकि कंडिका-3 के नियम के अंतर्गत रैगिंग की श्रेणी में आता हो।

ब) मैं ऐसे किसी भी कार्य में प्रतिभागी नहीं बनूंगा/बनूंगी जो कंडिका-3 रैगिंग के अंतर्गत अपराध को बढावा देता हो या (लोकप्रिय) फैलाता हो।

मैं सत्य निष्ठा से वचन देता/देती हूं कि यदि रैंगिंग में लिप्त पाया जाता/जाती हूं तो मेरे विरूद्ध उक्त नियमों की कंडिका 9.1 के अंतर्गत बिना किसी पूर्व न्यायिक कार्यवाही के अपराधिक कार्यवाही की जा सकती है।

मैं घोषणा करता/करती हूं कि देश की किसी भी संस्था से ना तो निकाला गया और न ही प्रवेश के लिए वर्जित किया गया न ही रैगिंग जैसे अपराध को बढावा देने सहायता करने या षडयंत्र में अपराधी पाया गया/गई हूं। मैं अच्छी तरह जानता/जानती हूं कि मेरी ये घोषण असत्य पाई जाती है तो मेरा प्रवेश निरस्त किया जा सकता है।

दिनांक ...................... माह --------------------- वर्ष ............... ।

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम -------------------------------

**संलग्न - 2**

## माता-पिता/अभिभावक का शपथ पत्र

मैं श्री/श्रीमती/कु. ------------------------------------------ (माता-पिता/अभिभावक का पूरा नाम) -------------------------------------------------- (छात्र का पूरा नाम, प्रवेश पंजीयन/नामांकन संख्या सहित) --------------------------------- (संस्था का नाम) ------------------------------------------- में प्रवेश हो चुका है, पुष्टि करता हूं कि मुझे रैगिंग अपराध को समाप्त करने हेतु यू.जी.सी. की नियमावली 2009 प्राप्त हुई जिसे मैंने मैंने सावधानीपूर्वक पढा और पूर्णतः समझा।

2 मैंने विशेषतः नियमों की कंडिका-3 का अध्ययन किया और रैगिंग क्या है से अवगत हुआ।

3 मैंने उक्त नियमों की कंडिका 7 और 9.1 का विशेष अध्ययन किया और मैं पूर्ण रूप से अवगत हूं कि यदि मेरा पुत्र/पुत्री रैगिंग को बढावा देने में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने में अपराधी पाया जाता है तो उसके विरूद्ध प्रशासनिक कार्यवाही की जा सकती है।

4. मैं सत्य निष्ठा से संकल्प लेता हूं कि -
   (अ) मेरा पुत्र/पुत्री किसी भी प्रकार के रैगिंग अपराध में सम्मिलित नहीं होगा जो कि कंडिका-3 के अंतर्गत आता है।
   (ब) मेरा पुत्र/पुत्री किसी भी ऐसे कार्य में प्रतिभागी नहीं बनेगा जो कंडिका-3 के अंतर्गत रैगिंग अपराध की श्रेणी में आता हो।

5. मैं सत्य निष्ठा से वचन देता हूं कि यदि मेरा पुत्र/पुत्री रैंगिंग में लिप्त पाया जाता है तो उसके विरूद्ध उक्त नियमों की कंडिका 9.1 के अंतर्गत बिना किसी पूर्व न्यायिक कार्यवाही के अपराधिक कार्यवाही की जा सकती है।

6. मैं घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र/पुत्री रैगिंग के अपराध के कारण देश की किसी भी संस्था से न तो निष्कासित किया गया न ही प्रवेश से वंचित किया गया।

दिनांक ...................... माह -------------- वर्ष ............ ।

अभिभावक के हस्ताक्षर

नाम -------------------------------

पता -------------------------------

मोबाईल नं.

– प्रवेश अनुशंसा –

.....................................

उपरोक्त समस्त प्रमाण पत्र की जॉच की संतुष्टि के आधार पर प्रवेश की अनुसंशा की जाती है।

प्रवेश प्रभारी

# महाविद्यालयीन गतिविधियाँ



नृत्यांजलि




मतदाता जागरूकता



क्रीड़ा गतिविधियाँ



रंगफुहार



आत्मरक्षा कार्यशाला



योग प्रशिक्षण

शासकीय. डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)



मूल्य
100/-